डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल चेन्नई - 42

आभासी क्रिसमस समारोह - 2021 - 2022

त्योहार भारतीय संस्कृति के मूल आधार हैं। डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल की चेन्नई शाखा निरंतर त्योहारों में निहित नैतिक संदेश को जनजागरण में फैलाने हेतु प्रयत्नशील रही है। इसी संदर्भ के अंतर्गत विद्यालय में आभासी क्रिसमस दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह की मेज़बानी कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ छठी की छात्रा श्रीनंदा गिरीश के गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात् छठी की छात्रा वर्षा वी. बी. द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। माननीया प्रधानाचार्या एवं उनके सहयोगियों द्वारा भाषायी कक्ष में मधुर ध्वनि के बीच कैंडिल प्रज्वलित की गईं।

पुनः प्रयोज्य वस्तुओं और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग करके सजावटी वस्तुओं के निर्माण के बारे में छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में क्रिसमस के दौरान तैयार की जाने वाली प्रसिद्ध और स्वादिष्ट खाद्य वस्तुओं को सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। सातवीं कक्षा की छात्रा जेसिका क्रिस्टी ने उत्सव में अतिरिक्त रंग जोड़ने हेतु केक तैयार करने की विधि बताते हुए केक तैयार किया।

क्रिसमस के दौरान उत्सव और सजावट के दौरान उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रतीकों जैसे स्टॉकिंग, कैंडी, बेंत और स्वर्गदूत जैसे उपहारों की महत्त्वता को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य विधा के रूप मे खूबसूरती से चित्रित किया गया। बच्चों के प्रिय सांता क्लॉज के आगमन पर संपूर्ण वातावरण हँसी और तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उनके नृत्य और जिंगल बेल्स की थाप ने आनंदमयी संगीत के साथ झूमते हुए सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात कक्षा नवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने 'अवर एपिफेर्नी ए म्युजिकल क्रॉनिकल' एक संगीतमय प्रस्तुति के द्वारा ईसा मसीह के जीवन दर्शन को दर्शाया। परमेश्वर के मानव जीवन धारण करने के कारण का स्पष्टीकरण हेतु बाइबल के महत्त्वपूर्ण प्रसंगों के साथ एक लघु फिल्म की संकल्पना भी की गई।

विद्यार्थियों के मधुर कैरल गायन ने सभी का मन मोह लिया। क्रिसमस के दिन शिक्षिकाओं ने खुशी और गर्मजोशी फैलाने के लिए एक स्वर में क्रिसमस गान गाया। कार्यक्रम का समापन मृदुलिका एस द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। शांति जीवन के हर पहलू का सार है। इसी सद्भावना से प्रेरित होकर कक्षा छठी की छात्रा ग्रीशा दास द्वारा शांति पाठ प्रस्तुत किया। संपूर्ण कार्यक्रम खुशी सहयोग और एकता का प्रतिबिम्ब प्रतीत होते हुए संपूर्णता के शिखर तक पहुँचा।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल चेन्नई - 42



माननीया प्रधानाचार्या और शिक्षिकाओं द्वारा कैंडिल प्रज्वलन



छठी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक



अध्यापिकाओं द्वारा क्रिसमस गान प्रस्तुति



क्रिसमस प्रतीकों पर आधारित नृत्यात्मक प्रस्तुति